केंद्रीय रेल विद्युतीकरण संगठन
मुख्यालय कार्यालय, प्रयागराज
जनसम्पर्क विभाग

संख्या :

कोर/जी/पीआर/010/भाग-XXII                                        दिनांक 04.11.2020

**प्रेस विज्ञप्ति**

**केन् द्रीय रेल विद्युतीकरण संगठन क्षेत्रीय राजभाषा कार्यान् वयन समिति की बैठक सम् पन् न**

केन् द्रीय रेल विद्युतीकरण संगठन ,प्रया गराज में दिनांक 04.11.2020 को महाप्रबंधक श्री यशपाल सिंह की अध् यक्षता में क्षेत्रीय राजभाषा कार्यान् वयन समिति की ऑनलाइन बैठक आयोजित की गई ।

महाप्रबंधक ने अपने अध् यक्षीय संबोधन में परियोजनाओं में हो रहे हिंदी प्रचार-प्रसार के अच्छे कार्यों की प्रशंसा की । उन्होंने कहा कि हिंदी को नई तकनीक से जोड़ने की आवश्यकता है अत: सभी लोग नई तकनीक से जुड़कर हिंदी का प्रयोग-प्रसार बढ़ाएं । उन्होंने सभी विभागाध्यक्षों एवं परियोजना निदेशकों को संबोधित करते हुए कहा कि अपने-अपने विभागों/ परियोजनाओं में यह सुनिश्चित कर लें कि उनके कार्यालय में हिंदी का प्रयोग रिपोर्टों में दर्शाए गए आंकड़ों के अनुरूप हो रहा है।

इससे पहले मुख्य राजभाषा अधिकारी एवं प्रमुख मुख्य सिगनल एवं दूर संचार इंजीनियर श्री सुरेश कुमार ने अध्यक्ष (महाप्रबंधक) सहित सभी उपस्थित अधिकारियों का स्वागत करते हुए कहा कि हमारे संगठन में राजभाषा का काफी प्रयोग हो रहा है फिर भी धारा 3 (3) के अनुपालन, हिंदी में प्राप्त पत्रों के उत्तर, रजिस्टरों तथा फाइल कवरों पर विषय एवं सेवापंजी में प्रविष्टियां आदि महत्वपूर्ण मदों पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है।

इस अवसर पर महाप्रबंधक ने राजभाषा विभाग द्वारा प्रकाशित हिंदी पत्रक " विद्युत प्रभा " का विमोचन किया एवं अपने कर कमलों से अधिकारियों एवं कर्मचारियों को पुरस्कृत किया।

बैठक में मुख् यालय के विभागाध् यक्ष सर्वश्री अरुण कुमार, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी , आशुतोष, प्रमुख मुख्य इंजीनियर, ए.बी.सरन, प्रमुख मुख्य कार्मिक अधिकारी, हरीश गुप्ता, प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक, वी.के.गर्ग, वरिष्ठ उपमहाप्रबंधक, डी.के.गुप्ता, प्रमुख वित्त सलाहकार (भण्डार), अमिताभ शर्मा, उपमहाप्रबंधक/मुख्य जनसंपर्क अधिकारी, एस.के.मिश्रा, सचिव/महाप्रबंधक ने भाग लिया तथा वीडियो कान्फ्रेसिंग के माध्यम से परियोजनाओं के मुख्य परियोजना निदेशक तथा उप मुख् य राजभाषा अधिकारी एवं कोर मुख् यालय के सभी विभागों के संपर्क अधिकारी (राजभाषा ) भी वेबेक् स के माध्यम से शामिल हुए । बैठक का संचालन वरिष् ठ राजभाषा अधिकारी एवं सदस् य- सचिव श्रीमती सुनीला यादव एवं धन्यवाद ज्ञापन उप मुख्य राजभाषा अधिकारी श्री एस.एस.सिंह ने किया ।

(अमिताभ शर्मा)
मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी
कोर/प्रयागराज